आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 03.04.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- निर्वाचन आयोग ने चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए मिथक और वास्तविकता के नाम से एक प्लेटफार्म की शुरूआत की है।
- अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा इलेक्शन मित्रा और जियो टैग मैप नामक दो नई प्रौद्योगिकी को विकसित किया गया है।
- मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने कल अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया।
- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए इस बार तीन लाख पन्द्रह हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
- आगामी लोकसभा चुनाव में डयूटी पर तैनात कर्मियों के कल्याण से जुड़े मुददों पर चर्चा करने के लिए आयोजित बैठक में कई निर्देश दिए गए।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए मिथक और वास्तविकता के नाम से एक प्लेटफार्म की शुरूआत की है। इसे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसके जरिये सूचनाओं की पुष्टि, भ्रामक सूचनाओं और मिथकों के प्रसार पर रोक लगाने तथा चुनाव के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस प्लेटफॉर्म पर चुनाव से जुडी भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिथकों, महत्वपूर्ण विषयों के बारे में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों तथा सभी संबंधित पक्षों के लिए विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा इलेक्शन मित्रा और जियो टैग मैप नामक दो नई प्रौद्योगिकी को विकसित किया गया है। इलेक्शन मित्रा को बनाने से पहले चुनाव प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श किया गया और यह निष्कर्ष निकाला गया कि चुनाव डयूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सही और सटीक जानकारी मिल सके। मध्योत्तर अण्डमान जिला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल और रंगत के एसडीपीओ राहुल एल. नायर द्वारा इलेक्शन मित्रा को विकसित किया गया है। पुलिस महानिदेशक देवेश

चन्द्र श्रीवास्तव ने इस प्रौद्योगिकी को विकसित करने पर जोर दिया था। इलेक्शन मित्रा को पुलिसकर्मियों के साथ–साथ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को भी दिया गया है, जो द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों चुनाव डयूटी पर तैनात हैं। पुलिस के एक अन्य प्रयास में सभी पुलिस थानों का जियो टैगिंग और कलर कोडिंग का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की जा सकेंगी। इससे केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को न सिर्फ क्षेत्र की पहचान करने और उसमें जांच पड़ताल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाने वाली योजना में सहयोग मिलेगा, बल्कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वाह और बेहतर तरीके से कर पाएंगे। पुलिस महानिदेशक ने पुलिस के इन प्रयासों की सराहना की है।

<><><><><><><>

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कल अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। अनारकली में पार्टी कार्यालय में घोषणा पत्र जारी करते हुए पार्टी के केन्द्रीय सचिवालय सदस्य डॉ. विजू कृष्णन ने कहा कि ये चुनाव देश के किसान और जन–मानस की हितों की रक्षा करने का चुनाव है। हम एकजुट है और हमारा संघर्ष जारी रहेगा। पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार डी. अय्यप्पन ने घोषणा पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि हमने तैंतीस विषयों को अपना चुनावी मुद्दा बनाया है और यदि उन्हें जनता का समर्थन मिलता है, तो वे इन सारे मुद्दों को हल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि द्वीपों में व्याप्त एकता, अखंडता और भाईचारा को बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पुदुचेरी की तर्ज पर द्वीपों में विधानसभा का गठन हो, इसका भी प्रयास किया जाएगा। बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए प्रयास किए जाएंगे तथा द्वीपों के स्थानीय युवाओं को ग्रुप–डी और सी के पदों में शत–प्रतिशत आरक्षण मिले, इसका भी वे प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता दिलाने के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरूस्त किया जाएगा। किसानों के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। हवाई क्षेत्र, जहाजरानी क्षेत्र को भी और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए कुल तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ अड़तालीस मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं। दक्षिण अंडमान ज़िले में मतदाताओं की संख्या दो लाख दस हजार एक सौ उनतालीस है, जबकि मध्योत्तर अंडमान ज़िले में इनकी संख्या उन्यासी हजार पांच सौ अट्ठहत्तर है। निकोबार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या पच्चीस हजार चार सौ इक्कतीस है। मतदाता सूची में चार ट्रांसजेंडर के नाम भी शामिल है। दक्षिण अंडमान जिले में पुरूष मतदाताओं की संख्या एक लाख नौ हजार आठ सौ अस्सी है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या एक

लाख दो सौ छप्पन है। मध्योत्तर अंडमान ज़िले में इकतालीस हजार एक सौ तैंतीस पुरूष और अड़तीस हजार चार सौ चवालीस महिला मतदाता है। निकोबार जिले में बारह हजार नौ सौ निन्यानब्बे पुरूष और बारह हजार चार सौ बत्तीस महिला मतदाता है। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने बताया कि इस बार के चुनाव में दक्षिण अंडमान जिले में दो सौ तेईस मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मध्योत्तर अंडमान जिले में एक सौ बत्तीस और निकोबार जिले में सत्तावन मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में सर्विस वोटर की संख्या पांच सौ इकहत्तर है।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा के मददेनजर जरूरी सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान के लिए द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में डाक मतदान केन्द्र की पहचान की गई है। दक्षिण अंडमान ज़िले में तहसील कार्यालय पोर्ट ब्लेयर के ई–कॉर्नर रूम को डाक मतदान केन्द्र बनाया गया है। मध्योत्तर अंडमान ज़िले में जिला कार्यालय के पहली मंजिल में ज़िला उपायुक्त के पी.ए के कक्ष के बगल में तथा निकोबार में ज़िला कार्यालय में नागरिक आपूर्ति विभाग के सहायक निदेशक के कार्यालय में कमरा नम्बर आठ में यह व्यवस्था की गई है। इन केन्द्रों के संचालन के बारे में पात्र मतदाताओं को स्वीकृत आवेदन की जांच–पड़ताल के बाद जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><>

उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदान कर्मियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सचिवालय के सम्मेलन कक्ष मे आयोजित बैठक में श्री जगलान ने निर्वाचन अधिकारी तथा ज़िला उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे द्वीपों के सभी चार सौ बारह मतदान केन्द्रों में तैनात मतदान कर्मियों और पुलिस कर्मियों की देखभाल तथा स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर प्राथमिकता के आधार पर डॉक्टर व अन्य अर्धचिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके अलावा खान–पान, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि वे स्वास्थ्य टीम को इस तरह तैयार करें, ताकि जरूरत पड़ने पर वे त्वरित प्रतिक्रिया टीम के रूप में काम कर सके। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने बताया कि खाने–पीने के सामानों के साथ पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं मतदान कर्मियों के लिए सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा नेताजी स्टेडियम तथा जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में तैनात कर्मियों के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। निर्वाचन अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया

कि वे तीनों ज़िलों के एकत्र केन्द्र में तैनात मतदान कर्मियों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए स्वास्थ्य टीम को तैनात रखे।

स्वास्थ्य सचिव सी. अरविन्द ने बताया कि मेडिकल टीम का बंदोबस्त किया जाएगा और उन्हें सेक्टर अधिकारियों के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि द्वीपो के सभी चार सौ बारह मतदान केन्द्रों में हेल्थ किट भी उपलब्ध रहेंगे। बैठक में मध्योत्तर अंडमान और निकोबार ज़िला उपायुक्तों ने वर्चुअल रूप से भाग लिए।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में मतदाताओ को जागरूक करने के लिए अभियान में और तेजी लाई गई है। रंगत तहसील में नुक्कड–नाटक की सफलता के बाद डिगलीपुर तहसील के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। आज शाम तीन बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राधानगर के नजदीक नुक्कड़–नाटक का आयोजन किया जाएगा। आज शाम साढ़े तीन बजे पंचायत मार्केट मधुपुर और शाम चार बजे सुभाषग्राम बाजार में इसका आयोजन होगा। कल सुबह नौ बजे पंचायत मार्केट रामनगर, साढ़े नौ बजे कालीघाट बाजार, दस बजे कालरा जंक्शन, शाम साढ़े तीन बजे किशोरीनगर जंक्शन और शाम चार बजे मोहनपुर बाजार में इसका आयोजन होगा। इसके अलावा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए माईक के जरिए भी अनाउंसमेंट की जा रही है। ज़िला उपायुक्त ने ज़िले के सभी मतदाताओं से स्वीप गतिविधियों में शामिल होने और उन्नीस अप्रैल को मतदान के दिन बढ़–चढ़कर मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>